**INTERMEDIATE EXAMINATION – 2020 (ANNUAL)** | **106/206** |

## HINDI (Model Set)

**समय : 03 घंटा 15 मिनट** **(हिन्दी)** **पूर्णांक :– 100**

**Time: 03 Hrs. 15 Minutes** **Full Marks : 100**

**I.Sc. & I.Com. – LL- HINDI (OPT)**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 60 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है), इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 का उत्तर दिया जाना अनिवार्य है। परीक्षार्थी द्वारा 50 से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाने की स्थिति में कम्प्यूटर द्वारा प्रथम 50 प्रश्नों का मूल्यांकन किया जायगा। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–उत्तर पत्रक में दिये गये सही वृत्त को काले/नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर/तरल पदार्थ/ब्लेड/नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।
6. खण्ड–ब में कुल 6 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का उपयोग वर्जित है।



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 60 तक के प्रत्येक प्रश्न के साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। इन 60 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों के अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिह्नित करें। (50 x 1 =50)

***बहुवैकल्पिक उत्तरों में से सही उत्तर दें:–***

1. बालकृष्ण भट्ट का निधन कब हुआ था ?

(A) 20.07.1914 ई0 (B) 17.05.1910 ई0

(C) 13.04.1910 ई0 (D) 18.061907 ई0

2. 'ओ सदानीरा' शीर्षक निबंध किस पुस्तक से लिया गया है ?

(A) कहते क्षण (B) बोलते क्षण

(C) गाते क्षण (D) सुनते क्षण

3. मोहन राकेश रचित नाटक है –

(A) आषाढ़ का एक दिन (B) पहला राजा

(C) सत्य हरिश्चंद्र (D) उत्तर प्रियदर्शी

4. 'प्रगीत और समाज' शीर्षक निबंध के निबंधकार हैं –

(A) चंद्रधर शर्मा गुलेरी (B) मलयज

(C) बालकृष्ण भट्ट (D) नामवर सिंह

5. ओमप्रकाश वाल्मीकि की रचना है –

(A) शिक्षा (B) जूठन

(C) तिरिछ (D) रोज



BiharboardQuestionpaper.com

6. लेखक 'मलयज' का मूल नाम क्या था ?

(A) शरत् जी श्रीवास्तव (B) गगन जी श्रीवास्तव

(C) भरत जी श्रीवास्तव (D) जगन जी श्रीवास्तव

7. 'तिरिछ' कहानी है –

(A) आदर्शवादी (B) समन्वयवादी

(C) मनोवैज्ञानिक (D) जादुई यथार्थ

8. 'जयप्रकाश नारायण' के गाँव का क्या नाम था ?

(A) सिताब दियारा (B) सिमरिया

(C) शाहजहाँपुर (D) कुशीनगर

9. रघुवीर सहाय का जन्म कब हुआ था ?

(A) 9 दिसम्बर, 1929 ई0 में (B) 8 दिसम्बर, 1928 ई0 में

(C) 7 दिसम्बर, 1929 ई0 में (D) 5 दिसम्बर, 1930 ई0 में

10. 'भक्तमाल' क्या है ?

(A) माला (B) भक्त चरित्रों की माला

(C) क्रांतिकारी (D) देशभक्त

11. नाभादास का स्थायी निवास कहाँ था?

(A) देहरादून (B) मथुरा

(C) वृंदावन (D) शिमला

12. तुलसीदास का जन्म–स्थान कहाँ था ?

(A) राजापुर बाँदा (B) राजपुर बाँद्रा

(C) रायपुर बिंदा (D) रूपपरु बूँदा



BiharboardQuestionpaper.com

13. 'पार्वती मंगल' किस कवि की रचना है?

(A) सूरदास (B) तुलसीदास

(C) जायसी (D) भूषण

14. 'सूरदास' किस शाखा के कवि थे ?

(A) रामभक्ति शाखा (B) कृष्णभक्ति शाखा

(C) वैष्णवभक्ति शाखा (D) शैवभक्ति शाखा

15. 'पद्मावत्' किसकी रचना है?

(A) मलिक मुहम्मद जायसी (B) सूरदास

(C) तुलसीदास (D) नाभादास

16. तुलसीदास का व्यक्तित्व कैसा था?

(A) मृदुभाषी (B) विनम्र

(C) शांत (D) उपर्युक्त सभी

17. सूरदास की अभिरूचि किस काम में थी ?

(A) पर्यटन (B) सत्संग

(C) कृष्णभक्ति एवं वैराग्य (D) उपर्युक्त सभी

18. जयशंकर प्रसाद के काव्य–संकलन का नाम लिखें –

(A) झरना (B) लहर

(C) आँसू (D) उपर्युक्त सभी

19. 'जन–जन का चेहरा एक' शीर्षक कविता के रचयिता कौन हैं ?

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध (B) रघुवीर सहाय

(C) शमशेर बहादुर सिंह (D) अशोक बाजपेयी



BiharboardQuestionpaper.com

20. 'अधिनायक' शीर्षक कविता के रचयिता हैं –

(A) अशोक बाजपेयी (B) ज्ञानेन्द्रपति

(C) रघुवीर सहाय (D) विनोद कुमार शुक्ल

21. जे0 कृष्णमूर्ति क्या करते थे ?

(A) लिखते थे (B) बोलते थे

(C) बोलते और लिखते थे (D) गाते थे

22. 'हँसते हुए मेरा अकेलापन' किस विधा की रचना है ?

(A) डायरी – साहित्य (B) कहानी–साहित्य

(C) यात्रा – साहित्य (D) गद्य साहित्य

23. 'कुरड़ियों' शब्द का अर्थ बताएँ –

(A) गायिकाएँ (B) नर्तकी

(C) नर्तकियाँ (D) कूड़ा फेंकने की जगह

24. मोहन राकेश के बचपन का क्या नाम था ?

(A) रामकृष्ण गुगलानी (B) राधाकृष्ण गुगलानी

(C) मदन मोहन गुगलानी (D) मदन मोहन मुगलानी

25. 'धाँगड़' शब्द का अर्थ ओराँव भाषा में क्या है ?

(A) भाड़े का मजदूर (B) मिट्टी ढ़ोने वाला मजदूर

(C) लकड़ी ढ़ोने वाला मजदूर (D) मजदूर

26. 'शयन' का संधि–विच्छेद होगा –

(A) श + यन (B) शय + न

(C) शे + अन (D) शो + यन



BiharboardQuestionpaper.com

27. 'हिमालय' शब्द संज्ञा है –

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

28. 'अहंकार' शब्द का संधि–विच्छेद होगा –

(A) अहं + कार (B) अहम् + कार

(C) अहंका + र (D) अहंग + कार

29. 'भाषा' शब्द का लिंग निर्णय करें –

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

30. 'अग्रज' शब्द का विलोम होगा –

(A) अनु (B) अनुज

(C) छोटा (D) पीछे

31. 'अग्नि' शब्द का पर्यायवाची होगा –

(A) अनल (B) अंबक

(C) अब्ज (D) आगार

32. 'भार' शब्द में प्रत्यय है –

(A) आ (B) अ

(C) र (D) अ्

33. 'जिसका आशय महान हो' के लिए एक शब्द है –

(A) महामानव (B) महानाशय

(C) सुआशय (D) महाशय



BiharboardQuestionpaper.com

34. 'ओज' शब्द का विशेषण है –

(A) ओजस्वी (B) ओजस

(C) ओजत (D) ओजयुक्त

35. 'प्रतिकूल' में कौन उपसर्ग है ?

(A) परि (B) प्रति

(C) प्र (D) परा

36. 'सर्वनाम' के कितने प्रकार हैं ?

(A) चार (B) पाँच

(C) छः (D) सात

37. 'तेल' शब्द है –

(A) भाववाचक संज्ञा (B) द्रव्यवाचक संज्ञा

(C) समूह वाचक संज्ञा (D) जातिवाचक संज्ञा

38. 'पापमुक्त– समास है –

(A) बहुब्रीहि (B) तत्पुरूष

(C) अव्ययीभाव (D) कर्मधारय

39. 'पृथ्वी' शब्द का पर्यायवाची है –

(A) गिरि (B) अचल

(C) भूधर (D) भू

40. 'अनुदार' कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) नञ्

(C) तत्पुरूष (D) बहुब्रीहि



BiharboardQuestionpaper.com

41. 'संगठन' शब्द का संधि–विच्छेद है –

(A) सम् + गठन (B) सं + गठन

(C) संग + ठन (D) संगठ + न

42. 'निदान' शब्द में उपसर्ग है –

(A) निदा (B) निद

(C) निद् (D) नि

43. 'लड़ाई' शब्द में प्रत्यय है –

(A) ई (B) अई

(C) आई (D) वाई

44. 'बेफायदा' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) तत्पुरूष

(C) अव्ययीभाव (D) द्वन्द्व

45. 'प्रार्थना' शब्द का लिंग–निर्णय करें –

(A) स्त्रीलिंग (B) पुल्लिंग

(C) उभयलिंग (D) इनमें से कोई नहीं

46. 'घर' शब्द का संज्ञा है –

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक

47. 'लघुता' शब्द में प्रत्यय है –

(A) आ (B) ता

(C) अ (D) घुता



BiharboardQuestionpaper.com

48. 'पिता' शब्द का विशेषण होगा –

(A) पितृ (B) पैत्री

(C) पैतृक (D) पितृक

49. संख्यावाचक विशेषण है –

(A) कोई (B) कुछ

(C) थोड़ा (D) बीस

50. 'जिसके शेखर पर चन्द्र हो' के लिए एक शब्द है –

(A) शेखर (B) चन्द्र

(C) चन्द्रशेखर (D) चन्द्रशेख

51. 'लघु' शब्द का विशेषण है –

(A) लघ (B) लघो

(C) लाघव (D) लघव

52. 'जिसके हृदय में ममता नहीं है' के लिए एक शब्द है –

(A) निर्मम (B) निर्दय

(C) निर्धन (D) निर्भय

53. 'लम्बोदर' शब्द कौन समास है ?

(A) कर्मधारय (B) बहुब्रीहि

(C) तत्पुरूष (D) द्विगु

54. 'सोमवार' शब्द कौन संज्ञा है ?

(A) जातिवाचक (B) व्यक्तिवाचक

(C) भाववाचक (D) समूहवाचक



BiharboardQuestionpaper.com

55. ‘जो स्त्री अभिनय करे’ – का एक शब्द है –

(A) नेत्री
(B) अभिनेत्री
(C) अभिनेता
(D) अभिनयिक

56. ‘मनोयोग’ का संधि–विच्छेद होगा –

(A) मन + अयोग
(B) मनो + योग
(C) मन + योग
(D) मनः + योग

57. ‘दाँत दिखाना’ मुहावरे का अर्थ है –

(A) बहस छिड़ जाना
(B) खीस काढ़ना
(C) हँसना
(D) रोना

58. ‘लेन–देन’ कौन समास है ?

(A) द्विगु
(B) कर्मधारय
(C) द्वन्द्व
(D) बहुब्रीहि

59. ‘छठी का दूध याद आना’ मुहावरे का अर्थ है –

(A) बुरा हाल होना
(B) पराजित होना
(C) बचपन को याद करना
(D) दूध पीना

60. ‘नाखून’ शब्द का लिंग–निर्णय करें –

(A) स्त्रीलिंग
(B) पुल्लिंग
(C) उभयलिंग
(D) इनमें से कोई नहीं



BiharboardQuestionpaper.com

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

***इस खण्ड में कुल 6 प्रश्न हैं, प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्दिष्ट है।***

***विषयनिष्ठ प्रश्न कुल 50 (पचास) अंकों का होगा।***

1. निम्नलिखित में से किसी एक पर निबंध लिखिये : 1X8=8

(i) बेकारी की समस्या

(ii) समाचार–पत्र

(iii) प्रदूषण

(iv) दीपावली

(v) व्यायाम

(Vi) वसंत ऋतु

2. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या करें : 2X4=8

(i) सच है, जब तक मनुष्य बोलता नहीं
तब तक उसका गुण–दोष प्रकट नहीं होता।

(ii) हम तो केवल अपने समय की आवश्यकता की उपज हैं।

(ii) कौन–कौन है जन–गण–मन–
अधिनायक वह महाबली
डरा हुआ मन बेमन जिसका
बाजा रोज बजाता है।

(iii) जागिए, ब्रजराज कुँवर, कँवल–कुसुम फूले।
कुमुद वृंद संकुचित भए, भृंग लता भूले।



BiharboardQuestionpaper.com

3. प्रमाण–पत्र प्राप्त करने के लिए अपने प्रधानाचार्य को एक आवेदन–पत्र लिखें।

1X5=5

अथवा

परीक्षा की तैयारी के बारे में बतलाते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखें।

4. निम्नांकित प्रश्नों में से किन्हीं पाँच के उत्तर दें – 2X5=10

(i) जीवन क्या है? इसका परिचय लेखक ने किस रूप में दिया है?

(ii) दलविहीन लोकतंत्र और साम्यवाद में कैसा संबंध है?

(iii) रामधारी सिंह दिनकर का निधन कहाँ और किन परिस्थितियों में हुआ?

(iv) मालती के घर का वातावरण आपको कैसा लगा? अपने शब्दों में लिखें।

(v) चंपारण क्षेत्र में बाढ़ की प्रचंडता बढ़ने के क्या कारण हैं ?

(vi) छत्रसाल की तलवार कैसी है ?

(vii) बँधी हुई मुट्ठियों का क्या लक्ष्य है ?

(viii) शिवाजी की तुलना भूषण ने मृगराज से क्यों की है?

(ix) कबीर ने भक्ति को कितना महत्त्व दिया है ?

(x) ''कबहुँक अंब अवसर पाई।'' यहाँ अंब सम्बोधन किसके लिए है ?

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन का उत्तर दें : 3X5=15

(i) डायरी क्या है? लेखक के अनुसार सुरक्षा कहाँ है?

(ii) गाँधीजी के शिक्षा संबंधी आदर्श क्या थे ?

(iii) पुंडलीक जी कौन थे? उनके बारे में लिखें।

(iv) हृदय की बात का क्या अर्थ है?

(v) भूषण रीतिकाल के किस धारा के कवि हैं, वे अन्य रीतिकालीन कवियों से कैसे विशिष्ट हैं?



BiharboardQuestionpaper.com

(vi) कवि की स्मृति में घर का चौखट इतना जीवित क्यों है ?

6. निम्नलिखित अवतरणों में से किसी एक का संक्षेपण कीजिए : 1X4=4

(i) ईश्वर को न तो मानव के प्रयासों की अपेक्षा है और न मानव से अपने अनुग्रहों का प्रतिदान ही चाहता है। वह स्वयं राजाधिराज है। उसके संकेत मात्र से उसके असंख्य गण पृथ्वी, आकाश और सागर छान डालते हैं। उनके समक्ष क्षुद्र मानव के प्रयासों का कोई मूल्य नहीं। जो मनुष्य उसके निर्धारित पथ पर प्रसन्नतापूर्वक चलता है, वही ईश्वर का सच्चा सेवक है। जिसे ईश्वर में अविचल श्रद्धा है, सांसारिक दृष्टि से कोई काम न करने पर भी उसकी गणना ईश्वर के सेवकों में होती है, उसका जीवन निरर्थक नहीं होता।

(ii) वर्तमान युग में जिस भीषणता के साथ जीवन–संघर्ष चल रहा है उसमें वह व्यक्ति कभी भी विजयी नहीं हो सकता, जो चुपचाप बैठकर अति दीर्घकाल तक सोचता–विचारता रहेगा। यहाँ तो वही टिक सकता है, जिसमें काफी स्फूर्ति है, जो दूसरों को ढ़केलकर आगे बढ़ सकता है। नहीं तो जो उससे ताकतवर हे उसे किनारे ढ़केल देगा और आप आगे बढ़ जायगा। अगर तुम इस जीवन में कुछ करना चाहते हो, अगर तुम्हें अपना जीवन सफल बनाना है, तो तुम्हें प्रत्युत्पन्नमति होना चाहिए, अपने निर्णय पर दृढ़ रहना चाहिए और उस पर जमकर काम करना चाहिए। जिस व्यक्ति में ये गुण पाए जाते हैं, उसमें अन्य गुणों का समावेश भी रहता है।



BiharboardQuestionpaper.com